8-1/CSU/Acd/SA/2025/1460

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**

**Central Sanskrit University**

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

दिनांक/Date: 18-12-2025

**(शैक्षणिक अनुभाग/Academic Section)**

**अधिसूचना/Notification**

**विषय: प्राक्शास्त्री प्रथम, I.T.E.P., शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा, B.Sc., L.L.B (Hons.), B.A. (Hons), शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य, M.SC., आचार्य एवं M.A.की कक्षाओं के अग्रिम सत्रार्द्ध की कक्षाओं के प्रारम्भ, विषय-चयन तथा शुल्क जमा करने के संबंध में।**

सभी परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्राक्शास्त्री प्रथम, I.T.E.P., शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा, B.Sc., L.L.B (Hons.), B.A. (Hons), शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य, M.SC., आचार्य एवं M.A. में अध्ययनरत प्रथम, तृतीय एवं पंचम, सप्तम सत्रार्द्ध कक्षाओं के समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि उनके अग्रिम सत्रार्द्ध (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ, व अष्टम) की नियमित कक्षाएँ सत्रान्त परीक्षा के तुरन्त बाद ही प्रारम्भ की जाएँगी। अतः उक्त कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों की अग्रिम सत्रार्द्ध की कक्षाओं में नियमित उपस्थिति अनिवार्य है। सभी छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर अग्रिम सत्रार्द्ध-शुल्क जमा करने का विवरण इस प्रकार है -

| क्रम सं. | शुल्क जमा करने की तिथि | विलंब शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | 25-12-2025 से 10-01-2026 तक | सामान्य शुल्क |
| 2. | 11-01-2026 से 20-01-2026 तक | ₹50 विलंब शुल्क (एकमुश्त) |
| 3. | 21-01-2026 से 31-01-2026 तक | ₹100 विलंब शुल्क (एकमुश्त) |
| 4. | 01-02-2026 से 10-02-2026 तक | ₹100 प्रतिदिन विलंब शुल्क |
| 5. | 10-02-2026 के उपरांत शुल्क जमा प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन होगा | ₹1000 विशेष विलंब शुल्क के साथ क्रम सं. 4 में दर्शायी गई विलम्ब शुल्क की गणना सहित |

**नोट -** अग्रिम सत्रार्द्ध में प्रवेशित होने वाले विद्यार्थियों हेतु समर्थ पोर्टल पर विषय चयन (Subject Selection) की प्रक्रिया दिनांक 05 जनवरी 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। यह भी ध्यातव्य है कि कक्षा उपस्थिति एवं छात्रवृत्ति हेतु उपस्थिति की गणना भी कक्षा आरम्भ होने की दिनांक से ही मान्य होगी।

18/12/25

**(डॉ. देवानन्द शुक्ल)**

**उपनिदेशक, शैक्षणिक**

**प्रतिलिपि-**

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक/प्राचार्य, समस्त परिसर/ASM/ASSS/समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
5- परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)
6- सभी अधिष्ठाता / सभी विद्याशाखा अध्यक्ष
7- सम्बद्ध संचिका।